ओमप्रकाश नाजवानी
सम्पादक

विज्ञापन हेतु
सम्पर्क करें।
9269214000
प्रति. बुक करावें

RNI No. : RAJHIN/2013/54948
Postal Regd. : RJ/AJ/210/2024-26

# आगाज की आवाज

प्रतिस्पर्धा से दूर, खबरें भरपूर, आगाज हमारा, आवाज आपकी.....

www.aagajkiaawaj.com

वर्ष 12 | अंक 18 | पाक्षिक | अजमेर, 01 सितम्बर 2025 | मूल्य 10 रूपये | कुल पृष्ठ 4

## गुजरात में वोट चोरी का आरोप, कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री की सीट पर 30 हजार फर्जी वोटर होने का दावा किया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुजरात में बीजेपी सरकार पर वोट चोरी का आरोप लगाया है। गुजरात कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अमित चावड़ा ने कहा कि बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की नवसारी लोकसभा सीट के एक विधानसभा क्षेत्र में 30,000 फर्जी वोटर पाए गए हैं। अमित चावड़ा ने बताया कि अगर पूरे राज्य की वोटर लिस्ट की जांच की जाए तो करीब 62 लाख फर्जी नाम सामने आ सकते हैं। पार्टी अब मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के विधानसभा क्षेत्र घाटलोदिया की वोटर लिस्ट की जांच करेगी। चावड़ा ने कहा कि चौरयासी विधानसभा सीट में 6 लाख 9 हजार मतदाता हैं, जिनमें से प्राथमिक जांच में 2 लाख 40 हजार मतदाताओं की जांच की गई। जांच में 12.3% मतदाता फर्जी पाए गए, और इसी वजह से सीआर पाटिल रिकॉर्ड मतों से जीत रहे हैं। चावड़ा ने कहा, "कल्पना कीजिए कि अगर एक विधानसभा क्षेत्र में यह स्थिति है तो पूरे राज्य में क्या होगा।" उन्होंने सूची से कुछ संदिग्ध और फर्जी मतदाताओं के नाम भी पढ़े। कांग्रेस ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का निर्णय लिया है। गुजरात में 31 अगस्त से पार्टी 'डोर-टू-डोर' अभियान शुरू करेगी। विपक्षी नेता राहुल गांधी बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के माध्यम से कथित वोट चोरी को प्रमुख विषय बना रहे हैं।

## जरांगे-पाटिल से बातचीत बेनतीजा, भूख हड़ताल जारी



**नई दिल्ली।** मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे पाटिल और सरकार के प्रतिनिधिमंडल के बीच शनिवार को मुंबई में हुई बातचीत बेनतीजा रही। जरांगे ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश संदीप शिंदे को वार्ता के लिए भेजने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस की आलोचना की। शिंदे मराठों को आरक्षण देने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष हैं।दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में चल रही भूख हड़ताल जारी रखने का संकल्प लेते हुए जरांगे ने कहा कि मराठों को आरक्षण देने की घोषणा करने वाला सरकारी प्रस्ताव (जीआर) जारी करना न्यायमूर्ति शिंदे का काम नहीं है। पाटिल शुक्रवार से आजाद मैदान में आमरण अनशन पर हैं। फड़नवीस सरकार ने मराठा नेता से बातचीत के लिए दिन में ही प्रतिनिधिमंडल भेजा था। जरांगे ओबीसी श्रेणी के तहत मराठों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे हैं और चाहते हैं कि सभी मराठों को कृषि प्रधान जाति कुनबी के रूप में मान्यता दी जाए, ताकि उन्हें सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण मिल सके।जरांगे ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन समुदाय की 'अंतिम लड़ाई' है। उन्होंने यह भी कहा कि सेवानिवृत्त न्यायाधीश शिंदे की अध्यक्षता वाली समिति ने पिछले 13 महीनों से संबंधित राजपत्रों का अध्ययन किया है और अब समय है कि समिति अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे ताकि मराठों को कुनबी का दर्जा मिल सके। बैठक के बाद जरांगे ने फड़नवीस की आलोचना करते हुए कहा, "मराठा और कुनबी को समान घोषित करने वाला सरकारी प्रस्ताव (जीआर) जारी करना न्यायमूर्ति शिंदे का काम नहीं है। उन्हें भेजना सरकार, राजभवन और राज्य का अपमान है।" शिंदे ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र व्यक्तियों को दिए जाते हैं, पूरे समुदाय को नहीं, और यह पिछड़ा वर्ग आयोग का काम है। शिंदे ने बताया कि कैबिनेट ने हैदराबाद राजपत्र को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है और वह अपनी बातचीत का विवरण मंत्रिमंडल की उपसमिति के पास भेजेंगे।

# पीएम मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात: SCO समिट में भारत-चीन रिश्तों में सुधार की उम्मीद



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गलवान में हुई भारत-चीन झड़प के बाद पहली बार चीन में हैं। उनका यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका ने भारत पर ट्रेड डील के दबाव के लिए 50 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया है। इसी बीच मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात को द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। हाल ही में चीनी विदेश मंत्री वांग यी दिल्ली आए थे। इस यात्रा ने दोनों देशों के अहम मुद्दों पर चर्चाओं को तेज किया। भारतीय नेताओं ने आपसी समझ बढ़ाने, सहयोग को मजबूत करने और साझा हितों पर आधारित संबंधों को प्रगाढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई। सीमा की पुरानी स्थिति को स्थिरता और विश्वास के लिए महत्वपूर्ण बताया गया।भारत और चीन के बीच यह सिद्धांत बना है कि मतभेद संघर्ष में नहीं बदलने चाहिए। वांग यी ने रणनीतिक समझ बढ़ाने और आपसी धारणाओं को सुधारने की जरूरत पर जोर दिया, ताकि लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवाद को सुलझाया जा सके। हालांकि, चीन ने भारत के 'वन-चाइना नीति' से दूरी बनाने पर चिंता जताई। भारत ने 2010 में इस नीति का समर्थन बंद कर दिया और मोदी सरकार ने पुरानी स्थिति से और अधिक दूरी बनाई। चीन के विस्तारवादी दावे 1947 से शुरू हुए, जब तिब्बत ने भारत से अपने क्षेत्रों को वापस लेने की मांग की थी। 1949 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना ने तिब्बत पर कब्जा किया और इसके बाद अक्साई चिन और अरुणाचल प्रदेश पर विवाद जारी रहा।सीमा विवादों को सुलझाने के लिए दो नए समूह बनाए गए हैं, जो वांग यी की यात्रा से बने 10 सूत्री "अर्ली हार्वेस्ट" समझौते के तहत सीमांकन और प्रबंधन पर ध्यान देंगे। चीन अपने व्यापारिक रिश्तों में रणनीतिक बदलाव कर रहा है और जरूरी सामग्रियों पर निर्यात प्रतिबंध आसान कर रहा है। यह भारत के लिए अवसर है कि हितों में सहयोग करे और मतभेदों को सावधानी से संभाले। तियानजिन SCO शिखर सम्मेलन मोदी को यह मौका देता है कि वे घरेलू दबावों से ऊपर उठकर सीमा विवादों का ठोस समाधान निकालें। ऐतिहासिक दृष्टि से देखा जाए तो सीमित समझौतों से भारत को रणनीतिक लाभ मिल सकता है।

## राघव चड्ढा का बाढ़ प्रभावित इलाकों में दौरा, पंजाब में अटकलें तेज



**पंजाब।** बाढ़ से जूझ रहा है पंजाब और राज्य में फसलों तथा लोगों को भारी नुकसान हुआ है। इसी बीच आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा का बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा पंजाब की राजनीति में चर्चा का केंद्र बन गया है। यह चड्ढा का एक साल बाद पंजाब में पहला सार्वजनिक दौरा था, जिससे उनकी ही पार्टी के कई नेता हैरान रह गए।राघव चड्ढा गुरदासपुर और दीनानगर के बाढ़ प्रभावित इलाकों में नाव में बैठकर पहुंचे। इससे पहले उनका आखिरी सार्वजनिक दौरा 28 मई, 2024 को रोपड़ में लोकसभा चुनाव के दौरान AAP रोड शो के दौरान हुआ था। AAP के एक नेता ने कहा कि हमें भी उनके दौरे से हैरानी हुई क्योंकि हाल के फैसलों में चड्ढा को शामिल नहीं किया गया था। 36 साल के चड्ढा को पंजाब में पहले प्रभावशाली नेता माना जाता था और उन्हें "पंजाब का डि-फैक्टो मुख्यमंत्री" कहा जाता था। बाढ़ प्रभावित इलाकों के दौरे के बाद उन्होंने X पर कहा कि वे अपनी सांसद निधि से राहत कार्यों में मदद करेंगे। चड्ढा ने पंजाब को अपनी मातृभूमि बताया और कहा कि यह दौरा उन्होंने राजनेता के तौर पर नहीं बल्कि सेवक के रूप में किया।इस दौरे के बाद चड्ढा की भूमिका को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। पार्टी के कुछ नेता मानते हैं कि चड्ढा राज्य में अपनी सक्रियता दिखाकर खुद को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि अन्य मानते हैं कि अब काफी देर हो चुकी है। एक समय में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चड्ढा को अपना सलाहकार बनाया और सरकारी बंगला आवंटित किया था। AAP के पंजाब प्रवक्ता नील गर्ग ने कहा कि चड्ढा पंजाब से राज्यसभा सांसद हैं, ऐसे में उनके दौरे को राजनीतिक रूप से बड़ा तूल नहीं देना चाहिए। वहीं, विपक्षी दल कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल आम आदमी पार्टी की सरकार पर हमलावर हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान तमिलनाडु में कार्यक्रम में शामिल हुए और राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल व पंजाब मामलों के प्रभारी मनीष सिसोदिया भी गैर हाजिर रहे, जबकि राज्य बाढ़ की तबाही से जूझ रहा था। चड्ढा के दौरे को इसलिए भी देखा जा रहा है क्योंकि पंजाब में दिल्ली के AAP नेताओं के बढ़ते दखल को लेकर नाराजगी है। हाल ही में मनीष सिसोदिया की टिप्पणी पर भी विवाद हुआ था, और मान सरकार को किसानों के विरोध के बाद 'लैंड पूलिंग पॉलिसी' को वापस लेना पड़ा था।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा: भारत को रूस-यूक्रेन संकट में निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में भारत को अनुचित रूप से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका ने भारत पर रूस से तेल खरीदने को लेकर अतिरिक्त 25% टैरिफ लगाया है। वर्तमान में भारत अमेरिका द्वारा कुल 50% टैरिफ का सामना कर रहा है। जयशंकर ने X पर पोस्ट किया कि फिनलैंड के विदेश मंत्री के साथ टेलीकॉन्फ्रेंस में चर्चा यूक्रेन संघर्ष और उसके नतीजों पर केंद्रित रही। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा बातचीत और कूटनीति की वकालत की है और इस संदर्भ में भारत को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। पिछले हफ्ते मॉस्को में जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में अमेरिका के इस कदम पर सवाल उठाया था। अमेरिका भारत से नाराज है कि वह रूस से तेल खरीद रहा है, जबकि चीन जो रूस से सबसे अधिक तेल खरीदता है, उसकी आलोचना नहीं की जा रही है। व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ का उद्देश्य भारत द्वारा रूस को मिल रही आर्थिक मदद को रोकना भी है।

# भागीरथ चौधरी ने फहराया तिरंगा, दी सलामी





**नई दिल्ली,** 15 अगस्त 2025 - केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अपने नई दिल्ली स्थित सरकारी निवास पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्टाफ सदस्यों और सुरक्षाकर्मियों के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी तथा मार्च-पास्ट का निरीक्षण किया। भागीरथ चौधरी ने कहा कि तिरंगा हमारी शान, सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक है। यह हमें एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर सदैव अग्रसर रहने की प्रेरणा देता है। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों से अधिक समय में केंद्र सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों का विशेष उल्लेख किया। भागीरथ चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं, विशेषकर कृषि एवं किसान कल्याण के क्षेत्र में। उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में किसानों की आय बढ़ाने, कृषि तकनीक के आधुनिकीकरण, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, फसल बीमा योजना, पीएम-किसान सम्मान निधि और जैविक व प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने जैसी अनेक ऐतिहासिक पहलें की गई हैं, जिनका लाभ सीधे देश के करोड़ों किसानों तक पहुंचा है।

## सम्पादकीय

# ट्रंप की नीतियों को अवसर में बदलने की चुनौती

भारत पिछले तीन दशकों से आर्थिक सुधारों की दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन सवाल यही है कि क्या हमने किसी एक ऐसा ब्रांड बनाया है जो वैश्विक स्तर पर अमेरिका, जापान, जर्मनी या कोरिया की कंपनियों की तरह पहचाना जा सके? हम वर्षों से तकनीक का निर्माण करते और उसे वैश्विक मंच पर चलाते रहे हैं, लेकिन चीन की तरह अपने बाइडू, वीचैट, टिकटॉक या हुआवे जैसे ब्रांड क्यों नहीं खड़े कर पाए। यही भारत की सबसे बड़ी कमजोरी है- संकट के समय तैयार रहने की कमी। पंचतंत्र की कहानी याद आती है। तालाब में तीन मछलियां थीं-अनागतविधाता, प्रत्युत्पन्नमति और यद्धविष्य। अनागतविधाता संकट आने से पहले ही तैयारी कर लेती थी, प्रत्युत्पन्नमति केवल संकट के समय प्रतिक्रिया देती और यद्धविष्य पूरी तरह भाग्य पर निर्भर रहती थी। चीन अनागतविधाता की तरह अग्रिम तैयारी करता है, जबकि भारत अक्सर प्रत्युत्पन्नमति की तरह संकट आने पर ही उपाय करता है। ट्रंप प्रशासन ने टैरिफ 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है और सेवा क्षेत्र पर भी नई पाबंदियां लगा दी हैं। इसके अलावा एच-1बी, एफ और जे वीजा पर भी कठोर नियम लागू किए जा रहे हैं, जिससे भारतीय पेशेवरों और छात्रों को गंभीर चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। भारत को अब केवल संकट का सामना करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। हमें यूरोप, जापान, दक्षिण कोरिया, रूस और ऑस्ट्रेलिया जैसे वैकल्पिक बाजारों में प्रवेश बढ़ाना होगा और रक्षा, ऊर्जा, चिकित्सा, सेमीकंडक्टर और एआई जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना होगा। मई 2020 में प्रधानमंत्री ने 20 लाख करोड़ रुपये के पैकेज की घोषणा की थी, लेकिन यह देखना होगा कि इसके कितने परिणाम सामने आए हैं। संकट का सामना करने के लिए रणनीति बनाना और दीर्घकालिक सुधार करना अब किसी विकल्प का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह आवश्यकता बन गई है। सिर्फ पैकेज या योजना पर्याप्त नहीं है। जापान में 'कम, मेक इन इंडिया' का संदेश दिया गया, लेकिन इसके लिए आवश्यक भूमि सुधार, श्रम सुधार, कार्यसंस्कृति में सुधार और उत्पादन प्रक्रियाओं में दक्षता हासिल करना होगा। चीन की तरह कुशल उत्पादन, स्वचालन और एआई आधारित निगरानी अपनाए बिना भारत वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं सकता। हमें यह समझना होगा कि केवल प्रतिक्रियात्मक कदम पर्याप्त नहीं हैं; हर नीति और योजना को दूरदर्शिता के साथ लागू करना होगा।सबसे बड़ी चुनौती शिक्षा और अनुसंधान में सुधार की है। जब तक हम प्रायोगिक शिक्षा और अनुसंधान पर ध्यान नहीं देंगे, भारत वैश्विक तकनीकी शक्ति बनने की दिशा में नहीं बढ़ सकता। यह समय है, प्रत्युत्पन्नमति की तरह केवल संकट आने पर सुधार करने का नहीं, बल्कि अनागतविधाता की तरह तैयारी करके हर संकट को अवसर में बदलने का।

# एजुकेशन चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस



**किशनगढ़।** एजुकेशन चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस अमृत कालबेला में उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि संगीता चौहान (पत्नी नंद किशोर सिंह पवार, सूबेदार मेजर, कश्मीर में कार्यरत) ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना और सरस्वती वंदना से हुआ। अध्यापक वैभव पारीक ने बच्चों को योग, प्राणायाम और व्यायाम करवाए। बच्चों ने देशभक्ति, राजस्थानी और भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए, जिनमें 'राधा-कृष्ण', 'आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की', 'संदेश से आते हैं', 'सुनो गौर से दुनिया वालों', 'मेरा तेज सुपर', 'कंधों से कंधे मिलते हैं', 'रंगीलो मारो ढोलना', 'लहरिया', 'आपा चकरी में झुलेला', 'प्रभु तुमसे प्रीत लगी' आदि प्रमुख रहे। साथ ही बच्चों ने देशभक्ति कविताएं भी सुनाईं। विद्यालय सचिव संतोष पारीक ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों को दिनचर्या में योग, प्राणायाम और व्यायाम को शामिल करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन-मन में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है, जिससे परिवार, समाज और राष्ट्र की सेवा की जा सकती है। प्रधानाध्यापक रामदयाल पारीक ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वार्डवासी और विद्यालय परिवार के दर्शिका पारीक, किरण पारीक, ललित वैष्णव, कृष्णा सेन, डिंपल अजमेरा, अक्षरा वैष्णव, गुलाब चौधरी, पांचू लाल चौधरी, कविता रेगर, केशव पारीक सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# रूपनगढ़ में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**रूपनगढ़।** हर वर्ष की भांति इस बार भी 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रूपनगढ़ द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर झंडारोहण किया गया। झंडारोहण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जीवन राम भाकर और पूर्व उप प्रधान श्रवण लाल गुर्जर ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रवक्ता फिरोज देशवाली, ब्लॉक उपाध्यक्ष हरि जाखड़, ब्लॉक सचिव जमील कुरेशी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामनारायण कुमावत, यूथ उपाध्यक्ष दिनेश मौर्य, यूथ ब्लॉक अध्यक्ष सोनू गुर्जर, आम मुस्लिम समाज सदर हबीब मोहम्बद छिपा, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता मदन लाल मौर्य, भवर लाल खोरवाल, कल्याण मौर्य, हजारी खाती, अनवर अली शेख, ग्राम पंचायत सदस्य इरफान शेख, गोविंद बंजारा, खेम चंद मौर्य, ताराचंद खींची, मोहसिन आजाद, ब्लॉक मीडिया प्रभारी मुख्तियार मिर्जा, इब्राहिम कायमखानी, ब्लॉक महासचिव हीरा लाल माली, गणेश जाखड़, रफीक सहारा, दिलीप मौर्य, नेमीचंद मौर्य, मुकेश मौर्य सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया और भारत माता के जयकारे लगाए। कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में संपन्न हुआ।

# निंबार्क तीर्थ पदयात्रा का पुष्प वर्षा व गुलाब जल से भव्य स्वागत



**किशनगढ़।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा उपखण्ड किशनगढ़ द्वारा निंबार्क तीर्थ पदयात्रा का प्रताप भवन के बाहर पुष्प वर्षा और गुलाब जल से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजस्थान ब्राह्मण महासभा, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ मदनगंज, महिला प्रकोष्ठ किशनगढ़, विभिन्न घटक समाज के अध्यक्ष, पदाधिकारी, विप्र फाउंडेशन, जय परशुराम सेना सहित विप्र समाज के सैकड़ों बन्धु, माताएं और बहनें उपस्थित रहीं।कार्यक्रम में मनीष कौशिक, रामचन्द्र हरितवाल, एडवोकेट रूपेश शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, दिनेश उपाध्याय, चन्द्र प्रकाश पीपलवा, अशोक बढ़ाडरा, महेश रिणवा, राजेश नवहाल, राम किशोर भारद्वाज, वैद्य मुकेश शर्मा, मोहन प्रधान, योगेंद्र मुन्ना शर्मा, भंवर गोपाल गौड़ सरपंच, श्याम मनोहर पाठक, पवन पारीक, राजेश रामजी खांडल, राजेश पंचारिया, विजय शर्मा, ऋषी गौड़, ऋषी खांडल, भंवर लाल चोटियां, एडवोकेट धनराज शर्मा, ईश्वर प्रसाद शर्मा हरियाणा गौड़, ओम प्रकाश सनाढ्य, राजेन्द्र हटीला, राम प्रताप रूथला, घनश्याम काछवाल, जगदीश मांगलिहारा, विष्णु देवी सुंदरिया, लीला पंचारिया, मोना बढ़ाढरा, अलका कौशिक, सुमन पीपलवा, सविता शर्मा, श्याम मिश्रा भी उपस्थित रहे।

# अखंड भारत के संकल्प संग मां भारती रक्षा मंच की भव्य तिरंगा रैली



**किशनगढ़,** 13 अगस्त। मां भारती रक्षा मंच के तत्वावधान में बुधवार सुबह 9 बजे डाक बंगले से तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, मां भारती रक्षा मंच के कार्यकर्ताओं व आमजन ने हिस्सा लिया। अखंड भारत की परिकल्पना को ध्यान में रखकर निकाली गई इस रैली के मुख्य अतिथि भंवरलाल मेघवाल निटूटी रहे, अध्यक्षता सभापति नगर परिषद दिनेश सिंह राठौड़ ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि आयुक्त नगर परिषद सीता वर्मा, मां भारती रक्षा मंच संरक्षक लक्ष्मीनारायण सोनगरा, भाजपा नेता शंभू शर्मा, प्राइवेट गैर शिक्षण संस्थान अध्यक्ष मनोज सेन, मां भारती रक्षा मंच अध्यक्ष डॉ. विनय सिंह चौहान, घासीराम चौधरी व एईएन विष्णु अडानिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। तिरंगा रैली डाक बंगले से होकर टांक पेट्रोल पंप, मुख्य चौराहा, सिटी रोड होते हुए रविंद्र रंगमंच पहुंची। पूरे रास्ते में 101 फीट का तिरंगा एवं अखंड भारत पर मां भारती की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। रैली मार्ग में जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।रैली के समापन पर सभापति नगर परिषद दिनेश सिंह राठौर ने रैली में शामिल स्कूली विद्यार्थियों को घर पर लगाने हेतु तिरंगा उपलब्ध कराते हुए 'घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा' फहराने का संदेश दिया और कहा कि तिरंगा रैली से आमजन में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और जुड़ाव के साथ देशभक्ति की भावना को बढ़ावा मिलेगा। तिरंगा रैली में मेवाड़ मिशन स्कूल, आदर्श बाल निकेतन, एस बी ट्यूटोरियल, श्री गणेश बाल भारती, रीसेंट प्रवेशिका, सर्वेश्वर सेकेंडरी स्कूल, प्रभाती देवी अग्रवाल पब्लिक स्कूल, गंगा विद्या मंदिर, ग्रीन रोज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नवोदय स्कूल, आचार्य धर्म सागर स्कूल, एम.एस.एस. स्कूल, प्रेरणा प्रोग्रेसिव सीनियर सेकेंडरी स्कूल व नोबेल इंटरमीडिएट सहित बड़ी संख्या में स्कूलों के विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर मां भारती रक्षा मंच से जुड़े पवन जोशी, सुनील दाधीच, गोवर्धन सिंह, हरकचंद कुमावत, कानाराम वर्मा, अश्वनी परिहार, राजेश नवहाल, एस एम पाठक, विजय पारीक, प्रहलाद कुमावत, विक्रम सिंह, चंद्रशेखर शर्मा, कैलाश कुमावत, दीपक गोयल, विष्णु कुमावत, राकेश सोनी, विनोद झंवर, श्यामसुंदर पायक, चंद्रशेखर कुमावत, मां भारती महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज शर्मा, शिमला कुमावत, उमा काबरा, रितु मंगनानी, संगीता अग्रवाल, चंदा देवी, गुणमाला पाटनी व सोनू अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। रैली का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ और सभी ने स्वाधीनता दिवस पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया। अंत में आए हुए विद्यार्थियों एवं आगंतुकों को अल्पाहार कराकर विदाई दी गई।

# राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने अर्पित किए पुष्प



**रूपनगढ़।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रूपनगढ़ द्वारा भारत रत्न, देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती उनके चित्रपट पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जीवन राम भाकर ने कहा कि देश में कंप्यूटर क्रांति और 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का अधिकार राजीव गांधी ने दिलाया। आज हम उनका जन्मदिन सद्भावना के रूप में मना रहे हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश मुंड, ब्लॉक उपाध्यक्ष हरि जाखड़, गिरधारी गुर्जर, ब्लॉक सचिव जमील कुरेशी, प्रवक्ता फिरोज खान देशवाली, यूथ अध्यक्ष सोनू गुर्जर, विधानसभा यूथ उपाध्यक्ष दिनेश मौर्य, ब्लॉक महासचिव शीशराम राव, किशन लेगा, मोहसिन आजाद, कल्याण मौर्य, प्रकाश बड़वाल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने "राजीव गांधी अमर रहे" के नारे लगाए।

# पीड़ित जनों संग सखी सहेली संस्था ने मनाए पर्व



**किशनगढ़।** सखी सहेली संस्था ने करुणालय में रह रहे अनाथ, निराश्रित और बीमार जनों के साथ राखी महोत्सव, स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी का उत्सव मनाया। संस्था की सदस्याओं ने राखी बांधकर अल्पाहार कराया और बीमार जनों का हालचाल पूछकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए और रोमियो ने, जो अपाहिज है, रक्षाबंधन पर कई गीत गाकर सभी को भावुक कर दिया। वहीं, ललिता शारडा, कुसुम कोठारी और बीना ने जन्माष्टमी पर भजन गाकर वातावरण को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। संस्था की अध्यक्षा डॉ. मंजू राठी ने पीड़ित जनों से उनकी जीवन परिस्थितियों पर बातचीत की, जहां अनेक लोगों ने अपने अपनों द्वारा त्यागे जाने की दर्दभरी कहानियां साझा कीं। सचिव बबिता संचेती ने कहा कि ऐसी सोच समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है और संस्था जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से इसे बदलने का प्रयास करेगी। मीडिया प्रभारी रितु मंधनानी ने बताया कि संस्था 'अपना घर आश्रम' भी गई, जहां की महिलाओं की पीड़ा सुनकर सदस्य भावुक हो उठे। सभी सदस्याओं ने शपथ ली कि वे निरंतर ऐसे लोगों की सहायता करेंगी, ताकि उन्हें बेहतर जीवन जीने का अवसर मिल सके। इस अवसर पर संरक्षिका मोहिनी हासानी, गुणमाला पाटनी, अर्चना गोयल, उमा अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, कांता जामड सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने एनडीए उपराष्ट्रपति पद उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन से की मुलाकात, दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने शुक्रवार को दिल्ली में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन से आत्मीय भेंट कर उन्हें जीत की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दी। यह मुलाकात केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के आवास पर हुई, जिसमें राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश के सांसद, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर भागीरथ चौधरी ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सी.पी. राधाकृष्णन अपने व्यापक अनुभव, सरल स्वभाव और राष्ट्रनिष्ठा के बल पर एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति सिद्ध होंगे। उनके नेतृत्व में राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि की यात्रा नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगी। बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ सहित कई सांसद और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।




# बछ बारस पर गौ माता की पूजा, प्लास्टिक मुक्त भारत का संकल्प



**किशनगढ़।** बछ बारस के पावन पर्व पर गौ माता की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर आदित्य डागा ने कहा कि गौ माता के लिए प्लास्टिक जानलेवा है। पिछले 10 वर्षों से उन्हें प्लास्टिक से मुक्त करने का जो संकल्प लिया था, वह अभी पूरा नही हो सका, लेकिन प्लास्टिक मुक्त भारत के लिए अंतिम छोर तक प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनका जीवन गौ माता की सेवा के लिए समर्पित है। आदित्य डागा ने बछ बारस के उपलक्ष में लोगों से निवेदन किया कि गौ माता की पूजा के साथ-साथ प्लास्टिक न लेने का भी संकल्प लें। उन्होंने कहा कि गोवंश और पर्यावरण की रक्षा करना सबकी जिम्मेदारी है और इसके लिए आज ही प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का संकल्प लेना होगा।

# राजीव गांधी जयंती पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

**किशनगढ़।** 20 अगस्त 2025 को राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर राजीव गांधी स्मृति भवन, कांग्रेस कार्यालय किशनगढ़ में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डॉ. विकास चौधरी के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर उपस्थित माननीय सदस्यों ने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जीवन एवं योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने उनके आधुनिक भारत के निर्माण में किए गए कार्यों, विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में उनके योगदान तथा युवाओं के प्रति उनकी दूरदृष्टि को याद किया। जयंती अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष आज़म कुरैशी, नेता प्रतिपक्ष हमीदा बानो, जगदीश गोरा, शांतिलाल झाझंरी, सुशील अजमेरा, घनश्याम सोडा, राकेश शर्मा, दीपक खटाना, राधेश्याम वैष्णव, महेंद्र कुमार सेन, केसरीमल डूकिया, युवा कांग्रेस अध्यक्ष कमल डिडवानिया, मदन मेघवाल, तेजपाल बजाड़, सलीम शेख, नरेश बाकलीवाल, अशोक तेजी, मुस्ताक शेख, गणेश आचार्य, राकेश कुमार फुलवारी, दीपक बिड़ला, सलीम कुरैशी, मयंक, गोविंद लाल मेघवाल, आमिर हनफी, शकील कुरेशी, शादाब खान, आसिफ भाटी, अरमान खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राजीव गांधी की पुण्य स्मृति को नमन करते हुए तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने के साथ हुआ।



# किशनगढ़ में राजपूत समाज की बैठक

## पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग, 25 अगस्त को सौंपेंगे ज्ञापन



**किशनगढ़।** मझेला रोड स्थित राजपूत सभा भवन में रविवार को समाज की बैठक अध्यक्ष उदय सिंह तोलामाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 10 अगस्त को पीटीएस कमांडेंट निवास के पास हुई मारपीट की घटना पर चर्चा की गई। समाजजनों ने पीड़ित मनोहर सिंह व उनके परिवार को निष्पक्ष न्याय दिलाने की मांग की।

# शनि अरिष्ठ निवारक मुनिसुव्रतनाथ विधान सम्पन्न

**किशनगढ़।** मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत के तत्वाधान में पुलक मंच परिवार शाखा किशनगढ़ द्वारा शनि अमावस्या के दुर्लभ संयोग पर शनि अरिष्ठ निवारक मुनिसुव्रतनाथ विधान का आयोजन मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर (रुपनगढ़ रोड) में हुआ। पुलक मंच अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बैद और महामंत्री जीतू पाटनी ने बताया कि शनि की अनिष्ट अवस्था से बचने के लिए भगवान मुनिसुव्रतनाथ की पूजा विधान किया गया। मान्यता है कि विधि पूर्वक विधान करने से सभी विपत्तियां समाप्त हो जाती हैं और जीवन सुखमय बनता है। सुबह 7 बजे पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा के बाद नवदेवता पूजा, सोलह कारण पूजा और तीर्थंकरों को अर्घ्य अर्पित किए गए। इसके पश्चात संगीतमय विधान प्रारम्भ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने 124 अर्घ्य समर्पित किए। संगीतकार अनूप पंडित के भजनों ने भक्तिमय वातावरण बना दिया। अंत में भगवान की महाआरती के साथ विधान सम्पन्न हुआ।

मुख्य कलश स्थापित करने का सौभाग्य अनिल कुमार सुलोचना कासलीवाल को मिला। चारों कोनों के कलश मांगीलाल रोहित झांझरी परिवार, निर्मल कुमार नरेश झांझरी परिवार, पूरन रेखा टोंग्या परिवार और राहुल प्रभावना पाटोदी परिवार ने स्थापित किए। दीप स्थापना कमल विमला बैद परिवार ने की। विधान का मांडला मदन छाबड़ा ने बनाया और संगीतकार अनूप पंडित रहे।

विधान में विनोद पाटनी, दिलीप कासलीवाल, राजेश पांड्या, भागचंद बोहरा, अशोक बोहरा, गिगराज ठोल्या, महेन्द्र पाटनी, विमल पाटनी, प्रदीप बाकलीवाल, अभय बैद, अनिल सेठी, चन्द्र प्रकाश बैद, जीतू पाटनी, मुकेश पापड़ीवाल, पिंटू पाटनी, धर्मचंद पाटनी, राजकुमार बैद, विनोद पाटनी बडायलीवाले, सुशील काला, मनीष बड़जात्या, गुणमाला पाटनी, बसंती गोधा, प्रेमलता पाटोदी, अनीता कासलीवाल, पुष्पा पांड्या, शरबती दोसी, रीटा गंगवाल, आभा पाटनी, निर्मला बाकलीवाल, कोकिला बाकलीवाल, ऋतू पाटनी, सुशीला बैद, नयनतारा गोधा, मंजू बोहरा, शांती बड़जात्या, शोभा बैद, नीलू झांझरी, संगीता पापडीवाल, राजकुमारी बोहरा, ममता बड़जात्या, शर्मिला पाटनी, अरुणा पाटनी, ममता बोहरा, सुनीता काला, सुनीता कासलीवाल, संतोष सेठी सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे।



# बछ बारस पर गौमाता की पूजा, सुख-समृद्धि की कामना



किशनगढ़। कृष्णापुरी मदनगंज में बछ बारस पर गोमाता की पूजा और बछड़े की पूजा कर पुत्र व बछड़े की रक्षा की कामना की गई। कहानी कह कर तालाब बनाकर अच्छी वर्षा और अच्छी फसल की कामना की गई। गाय पूजा करके गोमाता की रक्षा का वचन लिया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि गोवंश से भारत आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और स्वरोजगार युक्त बन सकता है। गाय पूजा कर परिवार, समाज और राष्ट्र के मंगल की कामना की गई। गाय पूजा कार्यक्रम में वार्डवासी संतोष पारीक, मांगी बाई, शांति देवी शर्मा, गुलाब देवी चौधरी सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

# नई शिक्षा नीति से निखरेगी विद्यार्थियों की रचनात्मकता



**अजमेर।** नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों में सोच, रचनात्मकता और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करेगी। विद्यार्थियों की परीक्षा, प्रश्न-पत्र, अंकन और मूल्यांकन में भी उनके समग्र विकास का आकलन किया जाएगा। शिक्षक भी उसी अनुरूप प्रश्न-पत्र तैयार करेंगे। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर एवं परख, एनसीईआरटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पाँच दिवसीय कार्यशाला शुक्रवार को सम्पन्न हुई। अंतिम दिन प्रथम सत्र में मास्टर ट्रेनर्स ने प्रतिभागियों को प्रश्न निर्माण की तकनीक समझाई। इसमें प्रश्नों के प्रकार, कठिनाई स्तर, पाठ्यक्रम का संतुलन तथा विद्यार्थियों की सोचने-समझने की क्षमता को ध्यान में रखकर प्रश्न तैयार करने पर विशेष चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने भी प्रश्न निर्माण का अभ्यास किया।

द्वितीय सत्र में प्रश्नों की व्यवस्था और अंकन योजना बनाने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि प्रश्न पत्र का उद्देश्य केवल ज्ञान का आकलन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की सोच, रचनात्मकता और समस्या समाधान क्षमता को भी परखना होना चाहिए।तृतीय सत्र में प्रतिभागियों ने स्वयं संतुलित प्रश्न पत्र तैयार किए और उसमें अंकन योजना जोड़ी। इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स ने मार्गदर्शन देते हुए त्रुटियों को सुधारने और प्रश्नों की स्पष्टता बढ़ाने के सुझाव दिए। चतुर्थ सत्र में विभिन्न समूहों ने अपने-अपने प्रश्न पत्र प्रस्तुत किए। प्रस्तुतियों पर विशेषज्ञों ने रचनात्मक प्रतिक्रिया दी और अच्छे प्रश्नों की विशेषताओं जैसे स्पष्ट भाषा, विविधता, स्तरानुसार कठिनाई एवं मूल्यांकन योजना की गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा की। अंतिम सत्र में प्रश्नोत्तर का दौर चला तथा कार्यशाला के वे फॉरवर्ड पर विचार रखा गया। प्रतिभागियों ने इस अनुभव को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उनकी प्रश्न निर्माण क्षमता, मूल्यांकन संबंधी दृष्टि और शैक्षिक गुणवत्ता में गहराई आई है। प्रतिभागियों ने इसे शिक्षा व्यवस्था में सुधार एवं अपनी व्यावसायिक दक्षता के लिए एक महत्त्वपूर्ण अवसर बताया। कार्यशाला के समापन समारोह में बोर्ड ओएसडी नीतू यादव ने संबोधित करते हुए समस्त संभागियों और रिसोर्स पर्सन का आभार व्यक्त किया और प्रमाण पत्र वितरित किए। वित्तीय सलाहकार रश्मि बिस्सा ने भी प्रश्न पत्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका का महत्त्व बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक निदेशक शैक्षिक प्रवीण कुमार शर्मा, सहायक निदेशक उमेश चौरसिया, अजय बंसल उपस्थित रहे। मंच संचालन राजीव चतुर्वेदी ने किया।

# जिले के सर्वांगीण विकास के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी उत्थान योजना पर बैठक



**अजमेर।** जिला कलक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना के संबंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में योजना की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई तथा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।जिला कलक्टर ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य जिले के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। योजना के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन, ग्रामीण आधारभूत संरचना तथा युवाओं के कौशल विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि योजना में कन्वर्जेन्स पर विशेष बल दिया जाएगा। इससे विभिन्न विभागों की योजनाओं और संसाधनों को मिलाकर अधिकतम लाभ आमजन तक पहुँच सकेगा।

उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है तथा योजना का नोडल विभाग ग्रामीण विकास विभाग रहेगा। उन्होंने इन कार्यों में जनसहभागिता को अनिवार्य रूप से जोड़ने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि विद्यालय नवीन भवनों, सामुदायिक भवनों की मरम्मत, खेल मैदान और मिनी स्टेडियम का विकास, धार्मिक स्थलों एवं पर्यटन स्थलों का संरक्षण, साथ ही कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि योजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए डीएमएफटी फंड, सीएसआर फंड तथा केंद्र और राज्य की अन्य योजनाओं के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा। आधुनिक तकनीक जैसे जीआईएस आधारित सर्वेक्षण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का उपयोग कर योजना को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थानीय स्तर पर सर्वेक्षण एवं फोटो डाक्यूमेंटेशन कराकर आवश्यक कार्यों की सूची तैयार करें और आगामी 10 दिनों में विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत करें। जिला कलक्टर ने कहा कि इस योजना से जिले की शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राम प्रकाश, उपखंड अधिकारी गरिमा नरूला सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अजमेर में लगभग 4 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण









**अजमेर।** केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी, राज्य सरकार के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी एवं अजमेर दक्षिण विधायक अनीता भदेल द्वारा शनिवार को क्षेत्र में लगभग 4 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण कर शुभारंभ किया गया।जल योजना अजमेर शहर खंड प्रथम एवं द्वितीय में पाइपलाइन व अन्य संबंधित कार्यों के अंतर्गत पहाड़गंज में उच्च जलाशय का निर्माण किया गया था। इसकी लागत 289 लाख आई थी। इसके लोकार्पण से चांदमारी, शिव कॉलोनी, जाटिया कॉलोनी, नाई बस्ती, गुर्जर बस्ती, गुर्जरवास, सिंधुवाड़ी, मलुसर रोड, केके कॉलोनी, सुखाड़िया नगर, खटीक बस्ती, ईसाई मोहल्ला एवं आशागंज रोड के लगभग 22 हजार व्यक्तियों को लाभ मिलेगा। साथ ही अंतिम छोर पर पर्याप्त जल दबाव भी प्राप्त होगा।

**जेपी नगर टंकी का लोकार्पण**

मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अंतर्गत जेपी नगर में 700 किलोमीटर क्षमता के एक उच्च जलाशय का निर्माण भी किया गया। इसके निर्माण पर 86.16 लाख की लागत आई। इस उच्च जलाशय को भरने के लिए नाका मदार से आने वाली 300 एमएम व्यास की राइजिंग पाइप लाइन में से नई पाइपलाइन बिछाई गई। इससे माधव कॉलोनी, विनायक नगर एवं एचबी नगर के अंतिम छोर पर भी पर्याप्त जल दबाव पहुंचेगा। इससे क्षेत्र की 7494 जनसंख्या लाभान्वित होगी।

**नवीन सड़क का लोकार्पण**

सीता गौशाला से गंगा माता मंदिर तक बनी सड़क का भी लोकार्पण किया गया। इस पर 18.50 लाख की लागत आई थी। इससे स्थानीय निवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि सरकार आमजन को पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है। जल जीवन की मूलभूत आवश्यकता है और प्रत्येक परिवार को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रयास कर रही है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सब को साथ लेकर 2014 से विकास की नई यात्रा आरंभ की थी। इसी को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ईआरसीपी रामसेतु परियोजना जैसे बड़े विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए प्रयासरत हैं। डबल इंजन की सरकार से विकास कार्यों को गति मिली है।उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा से विश्व को राह दिखाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं।



जलदाय विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि किसी समय में अजमेर पेयजल की समस्या से जूझ रहा था। पूर्ववर्ती सरकार में 96 घंटे के अंतराल में पेयजल सप्लाई की जाती थी। उन्हीं संसाधनों का उपयोग करके वर्तमान सरकार ने उचित प्रबंधन से पेयजल सप्लाई का समय घटाकर 48 से 72 घंटे के मध्य कर दिया है। सरकार अपने इसी कार्यकाल में अजमेर को 24 घंटे के अंतराल में पेयजल सप्लाई करने का लक्ष्य रखकर कार्य कर रही है। इसके अंतर्गत मोर सागर पर बड़ा रिजर्वयर बनाया जा रहा है। अमृत 2 योजना के तहत 170 करोड़ की राशि के टेंडर जारी किए गए हैं, जिनके कार्य आगामी 2 वर्षों में पूर्ण करवाए जाएंगे।उन्होंने कहा कि भारत का संविधान प्रत्येक भारतीय नागरिक को मतदान का अधिकार देता है। एक व्यक्ति को एक ही स्थान पर मतदान करने का अधिकार प्राप्त है। मृत व्यक्तियों के नाम भी मतदाता सूची से हटाने की कार्यवाही नियमित रूप से होती आई है।अजमेर दक्षिण विधायक अनीता भदेल ने कहा कि शनिवार को प्रातः से ही लगातार वर्षा हो रही है। यह इंद्रदेव के द्वारा अमृत वर्षा की जा रही है। क्षेत्र की आवश्यकताओं के संबंध में जलदाय मंत्री से महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय तथा कहार समाज की हथाई में नए बोरवेल करवाने, दो नए हेड पंप खुदवाने, तृप्तेश्वर महादेव मंदिर में बोरिंग का कार्य पूर्ण करवाने, अजय नगर की टंकी का डॉम ठीक करवाने जैसे कार्यों की मांग की गई।अध्यक्ष रमेश सोनी ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्य करने की गति बहुत तेज है। सरकार द्वारा जिन कार्यों का शिलान्यास किया जाता है उनका लोकार्पण भी करने की परंपरा है। अजमेर शहर के विकास के लिए पर्याप्त बजट दिया गया है।

**सामुदायिक भवन का शिलान्यास शीघ्र**

केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी द्वारा पूर्व में घोषणा किए गए 51 लाख के सामुदायिक भवन का शिलान्यास शीघ्र किया जाएगा। साथ ही अजमेर दक्षिण में 51 लाख के विकास कार्य करवाने की घोषणा भी की गई।

**कार्यक्रम में रहे उपस्थित**

इस अवसर पर शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी, सुरेन्द्र सिंह शेखावत, शहर जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह जादौन, शहर जिला महामंत्री राजेश घाटे, आर्य मंडल अध्यक्ष भवानी सिंह जेदिया, झलकारीबाई मंडल अध्यक्ष रजनीश चौहान, आदर्श मंडल अध्यक्ष हितेश डाबरिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन लालवानी, पार्षद किरण तुनगरिया, हेमंत सुनारीवाल, सीता टांक, हेमन्त सांखला, काजल जेठवानी, कैलाश भुराडिया, संदीप माखीजानी, सीमा गोस्वामी, रेनु शर्मा, बीना, इन्द्रवीर, देवेन्द्र, नरेंद्र, अजय बंसल, चंदन जैन, अंजना शेखावत, सीलम, सुन्दर, गजेंद्र, चेतन माली, गौरव उपाध्याय, गोपेश, विक्रम तम्बोली, अनुज चौहान, विजय गोयर, सुरेश गुर्जर, नरेन्द्र सोनी, गोरधन गुर्जर, चम्पालाल मेघवाल, कानाराम कासोटिया, हेमलता खत्री, निक्की जैन, सज्जन कंवर, अटल शर्मा, प्रदीप तुनगरिया, गोविन्दराज, देवेश शेखावत, सीताराम शेरा सहित भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में दिए निर्देश



**अजमेर।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक शुक्रवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर वन्दना खोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वन्दना खोरवाल ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के समस्त बकाया कनेक्शन तत्काल करने, मेजर प्रोजेक्ट के कार्य की गति बढ़ाकर बकाया नल कनेक्शन जारी करने और किए गए नल कनेक्शनों को पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। एफएचटीसी ग्रामों के सभी आंगनबाड़ी केन्द्र, विद्यालय और ग्राम पंचायत भवन को नल कनेक्शन से जोड़ना सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया। विद्यालयों के डाटा विभाग आपस में साझा करेंगे। वन्दना खोरवाल ने कहा कि जल जीवन से संबंधित भुगतान शीघ्र करवाने के लिए विभागीय अधिकारी सक्षम स्तर के साथ निरंतर सम्पर्क में रहें। क्षेत्र से लगातार पेयजल के नमूने लेकर जांच कराएं और शुद्ध पेयजल की सप्लाई सुनिश्चित करें। विभिन्न स्थानों पर लिकेज रोकने, सम्पर्क पोर्टल, जनसुनवाई एवं सीपीग्राम पोर्टल के प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने तथा ई-फाइल और ई-डाक के निस्तारण समय को कम करने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामित्व, प्रकाशक ओमप्रकाश नाजवानी के लिए मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419/30 ब्रह्मपुरी, चर्च के पास, जयपुर रोड, अजमेर (राज.) से मुद्रित कर आगाज की आवाज (पाक्षिक)
कार्यालयः 1-जे-16 न्यू हाऊसिंग बोर्ड, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। - सम्पादक ओमप्रकाश नाजवानी